गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 517/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 06-07-2025

प्रति,

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
**All Hon'ble Members**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

**विषय :–** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 212वीं बैठक दिनांक 06.07.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।
**Subject :-** Dispatch of minutes of 212th meeting of Standing Committee of Academic Council dated 06-07-2025.

---0---

**महोदय / महोदया,**
**Sir/Madam**

विषयान्तर्गत, दिनांक 06.07.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 212वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 212th meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 06-07-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/By order,

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

पृ0 क्रमांक 518 / बै.प्र. / स्था.स. / 2025 बिलासपुर, दिनांक : 06-07-2025

**प्रतिलिपि/Copy to :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी / सहायक कुलसचिव–अकादमिक / प्रशासन / विकास / वित्त, प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/ Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
Office Copy.

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 212वीं बैठक दिनांक 06.07.2025 का कार्यविवरण**

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 212वीं बैठक दिनांक 06.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव (कार्यवाहक) ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव, | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सी.एस. बझलवार | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एच.एस. तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 10. | प्रो0 सुधांशु रंजन मोहापात्रा | सदस्य |
| 11. | प्रो0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 12. | प्रो0 संतोष कुमार प्रजापति, निदेशक–अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 13. | डॉ0 एम.एस. धपोला | सदस्य |
| 14. | डॉ0 सुबल दास | सदस्य |
| 15. | डॉ0 गीता मिश्रा | सदस्य |
| 16. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 17. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, निदेशक, आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | डॉ0 सम्पूर्णानन्द झा, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | प्रो0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंघरौल, वित्ताधिकारी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी, समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | डॉ0 ए.के. शर्मा, ग्रंथपाल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, निदेशक, ओ.डी.एल. | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 24. | प्रो0 आलोक कुमार सिंह कुशवाहा, निदेशक, एमएमटीटीसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 25. | प्रो0 आर.के. चौबे, ओ.एस.डी. यांत्रिकी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 26. | डॉ0 गणेश प्रसाद शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–भण्डार | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 27. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :–

1. प्रो0 पी.पी. मूर्ति

बैठक में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 211वीं बैठक दिनांक 04.06.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 211वीं बैठक दिनांक 04.06.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 211वीं बैठक दिनांक 04.06.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 211वीं बैठक दिनांक 04.06.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

ARanadive 06-07-2025

06/07/2025

**विषय क्र. 03.** **सामान्य वित्तीय नियम (GFR.-2017)–2017 में वैज्ञानिक मंत्रालयों/विभागों के लिए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के पत्र/आदेश क्रमांक F20/42/2021 PPD दिनांक 05.06.2025 के अनुसार विशेष प्रावधानों को विश्वविद्यालय में अंगीकृत करने के संबंध में विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि सामान्य वित्तीय नियम (GFR.-2017)–2017 में वैज्ञानिक मंत्रालयों/विभागों के लिए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के पत्र/आदेश क्रमांक F20/42/2021 PPD दिनांक 05.06.2025 के अनुसार विशेष प्रावधानों को विश्वविद्यालय में अंगीकृत किया जाय एवं प्रावधानानुसार कार्यवाहियां सम्पन्न की जाय।

**विषय क्र. 04.** **सूचना प्रौद्योगिकी विभाग अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 19.05.2025 द्वारा अनुशंसित B.Tech 7th & 8th Semester की संशोधित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत विषय को स्थगित रखा जाय।

**विषय क्र. 05.** **शोध उम्मीदवार श्री शशि भूषण सोनी एवं श्री प्रकाश चंद्र साहू के द्वारा प्रस्तुत NOC पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि श्री शशि भूषण सोनी एवं श्री प्रकाश चंद्र साहू के द्वारा प्रस्तुत एनओसी को मान्य कर लिया जाय एवं प्रवेश संबंधी शेष कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रकरण को एक विशेष प्रकरण माना जाय तथा इसे भविष्य में उदाहरण के रूप में प्रस्तुत न किया जाय।

**विषय क्र. 06.** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में नव निर्मित बालिका छात्रावास के नामकरण किये जाने पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि नामकरण संबंधी प्रस्तुत प्रकरण पर पुनर्विचार हेतु विषय अधिष्ठातागणों के समक्ष प्रस्तुत किया जाय एवं अधिष्ठाताओं से प्राप्त अनुशंसाओं को स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

**विषय क्र. 07.** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में नवीन बालक छात्रावास के नामकरण करने के प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि नामकरण संबंधी प्रस्तुत प्रकरण पर पुनर्विचार हेतु विषय अधिष्ठातागणों के समक्ष प्रस्तुत किया जाय एवं अधिष्ठाताओं से प्राप्त अनुशंसाओं को स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

**विषय क्र. 08.** **''ग्रामीण प्रौद्योगिकी और सामाजिक विकास विभाग के सुधार और पुनरोद्धार के लिए रणनीतिक रूपरेखा'' के प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि ''ग्रामीण प्रौद्योगिकी और सामाजिक विकास विभाग के सुधार और पुनरोद्धार के लिए रणनीतिक रूपरेखा'' के प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि प्रस्तावित रूप–रेखा के अनुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने एवं दिन प्रतिदिन होने वाले प्रगति पर नियंत्रण रखने हेतु समिति का गठन किया जाय। समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

Ravedive 06-07-2025

06/07/2025

**विषय क्र. 09.** **अधिष्ठाताओं की बैठक दिनांक 24.06.2025 के कार्यवृत्त पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि अधिष्ठाताओं की बैठक दिनांक 24.06.2025 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया जाय एवं प्राप्त अनुशंसाओं के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

**विषय क्र. 10.** **विश्वविद्यालय के सीडीओई के अंतर्गत संचालित यूजीसी एनटाइटिल्ड ऑनलाईन पाठ्यक्रमों में सत्र जुलाई, 2025 सत्र में प्रवेश के संबंध में विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के सीडीओई के अंतर्गत संचालित यूजीसी एनटाइटिल्ड ऑनलाईन पाठ्यक्रमों में सत्र जुलाई, 2025 सत्र में प्रवेश संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 13 सितम्बर, 2025 रखा जाय।

**विषय क्र. 11.** **गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में मोबिलिटी पायलट के लिए मेसर्स एर्की मोटर्स इंडिया प्रायवेट लिमिटेड के प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में मोबिलिटी पायलट के लिए मेसर्स एर्की मोटर्स इंडिया प्रायवेट लिमिटेड के प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 12.** **मेसर्स एर्की मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा परिसर में ईवी विनिर्माण इकाई की स्थापना हेतु प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि मेसर्स एर्की मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा परिसर में ईवी विनिर्माण इकाई की स्थापना हेतु प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

**विषय क्र. 13.** **आईआईटी मद्रास बीएस कार्यक्रमों को शामिल करने के संबंध में एम.टेक कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग तथा एम.टेक सूचना प्रौद्योगिकी के लिए योग्यता के संबंध में विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि एम.टेक कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग तथा एम.टेक सूचना प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता में चार वर्षीय बी.एस. डाटा विज्ञान एवं एप्लीकेशन को भी शामिल किया जाय।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष समाज कार्य विभाग की शिक्षिका डॉ0 अर्चना यादव, सह–प्राध्यापक से प्राप्त प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि जेंडर इक्वालिटि थ्रू एजुकेशन एवं उड़ान कैरियर अवरनेस से संबंधित प्राप्त प्रोजेक्ट को विभिन्न मंत्रालयों में प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि प्रोजेक्ट के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करने हेतु विषय अधिष्ठातागणों के समक्ष अधिष्ठाताओं की बैठक में भी प्रस्तुत किया जाय।

06-07-2025

06/07/2025

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष गुरू घासीदास विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण, बागवानी संचालन एवं रख–रखाव के लिए पृथक से प्रकोष्ठ गठन संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया कि उक्त कार्य हेतु पृथक से प्रकोष्ठ का गठन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि प्रकोष्ठ के गठन एवं सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**अ.अ.वि.क्र .03** विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष ड्रीप एरिगेशन प्लांटेशन साइट के रिक्त स्थानों पर कृषि/वानिकी/फूल/सब्जी/फल से संबंधित उत्पाद लगाये जाने एवं बिक्री किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं विद्यार्थियों को Earn while learn के तहत उक्त कार्यक्रम में शामिल किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .04** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष अधिष्ठाताओं की बैठक दिनांक 03.07.2025 के कार्यवृत्त एवं अनुशंसाओं को प्रस्तुत किया गया। प्राप्त अनुशंसाओं पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रवेश तिथियों में परिवर्तन न किया जाय तथा निम्नानुसार निर्णय लिया –

1. ऐसे आवेदक जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय चरण के ऑन लाईन काउंसलिंग में प्रवेश प्राप्त कर लिया है एवं अंक सूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थता व्यक्त की है से एक वचन पत्र ले लिया जाय कि वह शीघ्र ही उक्त दस्तावेजों का जमा करा देंगे तथा वचन पत्र लेने के उपरान्त ऐसे आवेदकों को प्रवेश प्रदान कर दिया जाय।
2. उपरोक्तानुसार प्रवेश प्रदान करने के उपरान्त ही स्नातकोत्तर स्तर के कार्यक्रमों में रिक्त सीटों की गणना की जाय।
3. रिक्त सीटों के विरूद्ध प्रवेश प्रक्रिया यथावत् दिनांक 14.07.2025 को सम्पन्न की जाय।
4. स्नातकोत्तर स्तर के कार्यक्रमों की कक्षायें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही दिनांक 23.07.2025 से प्रारम्भ की जाय।

**अ.अ.वि.क्र .05** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष एबीडीपी के अंतर्गत संचालित किया जांने वाले शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश सूचना प्रारूप एवं सुसंगत दस्तावेजों का प्रारूप प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने प्रारूपण समिति से प्राप्त अनुशंसा दिनांक 30.06.2025 पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया कि प्रवेश सूचना प्रारूप, शुल्क संरचना आदि का अनुमोदन किया जाय एवं प्रवेश सूचना निर्गत किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि आवेदन के संबंध में तिथियों का निर्धारण प्रशासनिक रूप से कर लिया जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

06/07/2025

**कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव** **कुलपति/अध्यक्ष**